प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का करेंगे उद्घाटन, स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी करेंगे जारी।

- इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली रांची में आज, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, आप नेत्री सुनीता केजरीवाल सहित सपा, राजद और गठबंधन के कई बड़े नेता होंगे शामिल।

- झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से रांची सहित राज्य के 110 केंद्रों पर बीएड, एमएड, बीपीएड और एमपीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा आज।

- राजधानी रांची समेत राज्य के 13 जिले लू की चपेट में, मौसम विभाग का यलो अलर्ट, सावधानी बरतने की सलाह।

- मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में हॉकी रांची लीग के महिला वर्ग में सुपर क्वीन को मिली जीत, पुरूष वर्ग में मैच रहा ड्रॉ, आज दोपहर दो बजे से भी होगा मुकाबला।

**************

आज महावीर जयंती है। इस अवसर पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में दो हजार पांच सौ पचासवें भगवान महावीर निर्वाण महोत्साव का उद्घाटन करेंगे। वे स्मारक डाक टिकट और एक सिक्का जारी करेंगे तथा लोगों को सम्बोधित भी करेंगे। 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर ने अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के सिद्धांत देकर शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व और विश्व बंधुत्व को बढ़ावा दिया। आज भगवान महावीर स्वामी के जन्म–कल्याण पर भारत मंडपम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस अवसर पर जैन संतों की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

**************

इंडी गठबंधन की ओर से राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में आज दिन के ग्यारह बजे से उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया है। इसमें देशभर के कई बड़े नेता शामिल होंगे। झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सपा से अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप नेत्री सुनीता केजरीवाल, राजद से तेजस्वी यादव सहित देश के कई बड़े नेताओं के शामिल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कार्यक्रम की तैयारियों का कल जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। महारैली को लेकर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। महारैली से इंडी गठबंधन झारखंड में चुनावी शंखनाद करेगा। इधर महारैली को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महारैली में देशविरोधी, सनातन विरोधी और झारखंड विकास विरोधी लोगों का जुटान हो रहा है।

**************

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों की ओर से प्रत्याशियों के नामांकन की तारीख तय कर ली गई है। एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों का नामांकन 22 अप्रैल से शुरू होगा। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी गीता कोड़ा 22 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी संसदीय सीट से 23 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगी। उनके नामांकन में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। लोहरदगा से समीर उरांव और पलामू संसदीय सीट से प्रत्याशी बीडी राम 24 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। वीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह मौजूद रहेंगे। चतरा से कालीचरण मुंडा 26 अप्रैल को, दुमका से सीता सोरेन 19 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। सभी स्थानों पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहेंगे।

झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड की 14 लोकसभा सीटों के लिए चौथे से सातवें चरण तक मतदान होना है। चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

*************

कांग्रेस कार्यालय रांची में एनएसयूआई के एक दिवसीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी कुणाल सहरावत उपस्थित थे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया।

*************

कोडरमा लोकसभा के लिए 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर हर स्तर पर तैयारी की जा रही है और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।

*************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*************

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से बीएड, एमएड, बीपीएड और एमपीएड की संयुक्त परीक्षा आज रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका और पलामू जिले के कुल 110 केंद्रों पर आयोजित होगी। वहीं रांची में अड़तीस केंद्र बनाये गये हैं। रज्यभर से चौवन हजार परीक्षार्थी इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दिन के दस बज कर तीस मिनट पर प्रारंभ होगी, जो बारह बज कर 30 मिनट पर समाप्त होगी। पर्षद की ओर से परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, नौ सेना अकादमी और संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा के लिए रांची में केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षाएं तीन पालियों में होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर 200 मीटर की परिधि में सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निषेधाज्ञा लागू की गई है।

*************

सिंहभूम लोकसभा सीट पर नामांकन करने वाले प्रत्याशी एवं झींकपानी के जिला परिषद सदस्य जॉन मिरन मुंडा पर पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन ने अपराध नियंत्रण कानून, सीसीए के तहत प्रतिबंध लगाया है। जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जॉन मिरन मुंडा को कुख्यात अपराधी करार दिया है। आदेशानुसार सीसीए के तहत उन्हें अगले 6 माह तक झींकपानी और टोंटो थाना क्षेत्र की सीमाओं से बाहर रहना होगा।

साथ ही साथ उन्हें प्रतिदिन जराईकेला थाना में सशरीर हाजिरी लगानी होगी। इधर जिला परिषद सदस्य एवं लोकसभा प्रत्याशी श्री मुंडा ने इस आदेश पर पत्र लिखकर उपायुक्त से झींकपानी और टोंटो थाना क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करने की अनुमति देने की मांग की है।

*************

उत्तर–पश्चिम से चल रही गर्म हवाओं ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में तापमान बढ़ा दिया है। बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। कल बहरागोड़ा में अधिकतम तापमान 46 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहीं रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। 22 अप्रैल को बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के कारण दक्षिणी छोटानागपुर में बादल छाए रह सकते हैं। इधर गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया है। दोपहर बारह बजे तक सभी स्कूलों को बंद करने का निर्देश कल जारी कर दिया गया है। मौसम विभाग ने आज पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, रांची, पलामू, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहेबगंज के लिए यलो अलर्ट जारी करते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है। इन जिलों में गर्म हवाओं के चलने की संभावना है, जिससे लू की स्थिति बन सकती है।

*************

रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में हॉकी रांची लीग प्रारंभ हो गया है। कल पुरूष वर्ग में रांची रेलवे क्लब और बापू क्लब के बीच खेला गया उद्घाटन मैच ड्रा रहा। वहीं महिला वर्ग में सुपर क्वीन वीमेंस क्लब और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू के बीच खेले गए मैच में सुपर क्वीन वीमेंस क्लब विजयी रही। मैच को लेकर हॉकी रांची ने कार्यक्रमों की सूची जारी कर दी है। लीग का पहला चरण 26 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग रांची में होगी, जो 10 मई तक चलेगी।

*************

अखबारों की सुर्खियों से

राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आज इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित होने वाली रैली और लोकसभा चुनाव की गतिविधियों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–आज रांची में उलगुलान रैली, देशभर के इंडिया गठबंधन के नेता दिखाएंगे ताकत।

दैनिक हिन्दुस्तान लिखता है–झारखंड में लू का अलर्ट, 15 जिलों में पारा 41 के पार।

दैनिक भास्कर ने डीजीपी के बयान को सुर्खी बनाते हुए लिखा है जिस भू माफिया पर जमीन हड़पने का केस, उसे गिरफ्तार करें।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–राज्य में गर्मी से बदला स्कूलों का समय।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है–चाईबासा में पीएलएफआई कमांडर सहित दो गिरफ्तार, एके 47 बरामद।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने लिखा इंडिया गठबंधन की रैली के कारण शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने गर्मी के कारण स्कूलों में समय परिवर्तन की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

*************